# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न
## 10 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### आवंटित प्लाटों की संख्या

1 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में वर्ष 2014 से दिसंबर, 2024 तक सरकार द्वारा जिला-वार 100 -100 गज के कितने प्लाट आवंटित किए गए हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

### शैड का निर्माण कार्य पूरा करना

2 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव अधोया (एच) में शैड का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त शैड का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

### फव्वारे का निर्माण कार्य पूरा करना

3 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव घनौरा में फव्वारे का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## सार्वजनिक शौचालयों को कार्यात्मक बनाना

4 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला की राजीव कॉलोनी में शेरावाली मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय एक वर्ष से बंद पड़ा है तथा शौचालय के पाइप का आकार छोटा होने के कारण सीवरेज लाइन भी बंद/ ठप्प हो गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त शौचालय को कब तक सुचारू रूप से कार्यात्मक बनाये जाने की संभावना है?

----

## फ्लैटों तथा सड़कों की मरम्मत

5 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला के सेक्टर 20, 27, 28 तथा अभयपुर में सरकार द्वारा आशियाना योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को फ्लैट आबंटित किए गए थे;
ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त सेक्टरों में आशियाना योजना के अंतर्गत निर्मित सोसाइटियों के फ्लैटों तथा सड़कों की स्थिति बहुत जर्जर है; यदि हां, तो उक्त फ्लैटों तथा सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
ग) उपरोक्त फ्लैटों तथा सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## यमुना नदी के किनारों पर स्टडों का निर्माण करना

6 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में यमुना नदी के आसपास के गांवों में बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए यमुना नदी के किनारों पर स्टड बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## दो पशु एंबुलैंस उपलब्ध कराना

7 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 15 गौशालाओं में दो पशु एंबुलैंस उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा करना

8 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव ढाणी रहीमपुर, मोहारू तथा लोहारू (ग्रामीण/शहरी) में स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्रों को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अमले के रिक्त पदों को भरना

9 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला भिवानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहल तथा उप-मण्डल नागरिक अस्पताल, सिवानी में चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अमले के पद रिक्त पड़े हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उप-मण्डल नागरिक अस्पताल, सिवानी में अल्ट्रा साउंड की मशीन तथा पोस्टमार्टम की सुविधा कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## मल संशोधन संयंत्र का निर्माण करना

10 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या हिसार के ऋषि नगर में मल संशोधन संयंत्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त मल संशोधन संयंत्र का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या आदमपुर तथा नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रों के गांवों में उक्त मल संशोधन संयंत्र से पानी की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो

उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सीवरेज प्रणाली की मरम्मत करना

11 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि हिसार के आजाद नगर के अंतर्गत पड़ने वाले वार्ड नंबर 18,19 तथा राजगढ़ मुख्य मार्ग की सीवरेज प्रणाली बहुत पुरानी है तथा ज्यादातर नियमित रूप से जाम रहती है जिसके कारण बरसाती मौसम में सीवरेज का पानी लोगों के घरों में भर जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सीवरेज प्रणाली की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## दिल्ली- जम्मू – कटरा एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश तथा निकास उपलब्ध कराना

12 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे बरौदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीस गांवों से होकर गुजरता है तथा गोहाना से जींद सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग), गोहाना से जुलाना सड़क (जिला सड़क) तथा गोहाना से महम सड़क (राजकीय राजमार्ग) पर कोई प्रवेश या निकास प्वाइंट नहीं है;

(ख) क्या उपरोक्त सड़कों पर एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश तथा निकास का प्रावधान करने या रोहतक-पानीपत और जींद-सोनीपत राजमार्गों पर प्रवेश तथा निकास प्वाइंटो से एक्सप्रेस-वे के साथ -साथ दोनों तरफ सर्विस रोड़ बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## अंडर-पास के दोनों निकासों पर शैड लगाना

13 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरौदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर बने अंडर-पासों में बरसात के मौसम में पानी एकत्रित हो जाता है जिसके कारण ग्रामीणों को अन्य गांवों में आने-जाने के लिए भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या इन अंडर-पासों के दोनों निकासों पर शैड लगाने या पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## यूनानी मेडिकल महाविद्यालय का निर्माण शुरू करने में देरी

14 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि जिला नूंह के गांव अकेरा में स्वीकृत यूनानी मेडिकल महाविद्यालय गत् 11 वर्षों से शुरू नहीं हुआ है; यदि हां, तो इसके देरी के कारण क्या हैं; तथा

ख) उपरोक्त महाविद्यालय को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल का निर्माण

15 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव छपरा में प्रस्तावित ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई प्रगति नहीं की गई; यदि हां, तो इसके कारण क्या है; तथा

(ख) उक्त स्कूल को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या

16 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) पी.जी.आई.एम.एस., रोहतक के सभी विभागों में वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या कितनी है तथा उक्त अभाव का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य  है कि सफाई के अभाव में उक्त संस्थान के सभी वार्डों में बाथरूमों एवं शौचालयों  की स्थिति बहुत खराब है तथा सामान्यतः पी.जी.आई.एम.एस. द्वारा बाथरूमों/ शौचालयों की दैनिक सफाई के लिए क्या व्यवस्था की गई है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ग) क्या पी.जी.आई.एम.एस. द्वारा उक्त संस्थान के मरीजों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सकों के अलग कैडर/ विशेषज्ञ कैडर बनाना

17 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य  है कि सरकार ने चिकित्सकों (पी.एच.एच.एम और क्लीनिकल) के अलग कैडर/ विशेषज्ञ कैडर के बनाने के संबंध में ज्ञापन संख्या 1/20/2016-5 पी.आर. (एफ.डी.), दिनांक 16.08.2024 के तहत आदेश जारी किया गया  है, जिसका उद्देश्य राज्य में जिला और उप-मण्डल अस्पतालों के साथ-साथ प्रथम रेफरल इकाइयों में विशेषज्ञों की तैनाती करना और उन्हें बनाए रखना है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी तथ्य  है कि राज्य में सरकार द्वारा अब तक उपरोक्त आदेशों को लागू नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसके  कारण क्या हैं; तथा

(ग) उपरोक्त आदेशों को कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा  सरकार द्वारा राज्य के जिला और उपमंडल अस्पतालों के साथ-साथ प्रथम रेफरल इकाइयों में विशेषज्ञों की भर्ती/ तैनाती कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## ठोस कचरा उपचार संयंत्र स्थापित करना

18 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या झज्जर में ठोस कचरा उपचार संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके  कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## तालाबों की सफाई, मरम्मत तथा जीर्णोद्धार का कार्य पूरा करना

19 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के निम्नलिखित तालाबों की सफाई, मरम्मत तथा जीर्णोद्धार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-

(i) गाँव तालाव में बगला चौपाल के पास गुई जोहड़;

(ii) गांव जोंधी में शिव मंदिर के पास तालाब;

(iii) गांव गोरिया में बाबा नाथूराम तथा शिव मंदिर के पास तालाब;

(iv) गांव भूरावास में ऐतिहासिक एवं प्राचीन पवित्र तालाब;

(V) गाँव अकेड़ी मदनपुर में इंदिरा कालोनी के पास तालाब,

(vi) गांव छुछकवास में मुख्य सडक पर खरिया तालाब;

(vii) गांव खेरी खुमार के बीच में रामेश्वर तालाब;

यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय के निर्माण कार्य पूरा करना

20 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोखरा में प्रयोगशाला, कक्षा-कक्ष तथा हाल का निर्माण कार्य कब आरंभ हुआ था तथा उक्त कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है; तथा

(ख) उपरोक्त कार्यों के पूरा होने में देरी के कारण क्या हैं?

----

## साक्षी मलिक खेल स्टेडियम का निर्माण करना

21 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा महम विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र के गांव मोखरा में साक्षी मलिक खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी लेकिन इसका निर्माण कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस मामले में क्या पग उठाए गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक राजकीय सह-शिक्षा महाविद्यालय खोलना

22 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री** (**उचाना कलां**)ः

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक राजकीय सह-शिक्षा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बरसाती पानी की निकासी करना

23 **श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री** (**उचाना कलां**)ः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना की पुरानी अनाज मंडी से बरसाती पानी की निकासी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सक के रिक्त पदों को भरना

24 **श्री विनोद भयाना** (**हांसी**)ः

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि नागरिक अस्पताल, हांसी में चिकित्सा अधिकारियों के 11 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल तीन चिकित्सक नियुक्त हैं तथा यहां कोई विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है; यदि हां, तो उपरोक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है तथा यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है;

ख) हांसी में 50 बेड के नागरिक अस्पताल का दर्जा 100 बेड के रूप में कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है; तथा

ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में चिकित्सकों के लिए आवास तथा सरकारी वाहन जैसी सुविधाएं नहीं है; यदि हां, तो ये सुविधाएं कब तक दिए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

25 **श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़के ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या हांसी में एक साऊथ बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## बुस्टिंग पंप लगाना

26 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :

(क) बाढड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों का ब्यौरा क्या है जहां पेयजल की भारी कमी है तथा पेयजल की अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लोग पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए बुस्टिंग पंप लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जल अवसंरचना के लिए वित्तीय तथा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना

27 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सरकार कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जलापूर्ति अवसंरचना में सुधार तथा सतत जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान करती है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) गत् पांच वर्षों के दौरान कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपर्युक्त प्रयोजनों के लिए सरकार द्वारा आबंटित एवं उपयोग की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) कालका में तैनात मोबाइल जल परीक्षण इकाइयों की संख्या तथा अवस्थिति क्या है तथा जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने में उनकी प्रभावशीलता क्या है; तथा

(घ) क्या कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जल जीवन मिशन

तथा अमृत योजना जैसे विशिष्ट उपाय तथा योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं?

----

## डिप्टी रेंजर की गृह जिले में रेंज प्रभारी के रूप में नियुक्ति

28 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या किसी डिप्टी रेंजर को उसके गृह जिले में रेंज प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जा सकता है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार के निर्देश/नियम क्या हैं?

----

## सरस्वती नदी की स्थिति में सुधार करना

29 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या सिंचाई एव जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बहने वाली सरस्वती नदी की स्थिति इसमें जल के स्थिर खड़ा रहने के कारण बहुत खराब है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पवित्र सरस्वती नदी में ताजा पानी छोडकर इसकी स्थिति सुधारने तथा पेहवा नाले से पेहवा सरस्वती के मुख्य तीर्थ तक इसके जलस्तर को सही करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## नए रैनी वैल का निर्माण करना

30 **श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोनीपत में पीने के पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए जाजल, रैनीवेल परियोजना के अंतर्गत एक नए रैनीवेल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुलिस थाना भवन परिसर को पार्क में बदलना

31 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राजौंद के पुराने पुलिस थाने का भवन अनुपयोगी पड़ा हुआ है तथा वहां पर चार फीट तक पानी भरा हुआ है जिसके परिणामस्वरुप बीमारी फैल सकती

है; तथा
(ख) यदि हां, तो इस भवन के परिसर को सार्वजनिक पार्क में बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक ट्रामा सेंटर खोलना

32 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बन्चारी की ग्राम पंचायत द्वारा ट्रामा सेंटर के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था तथा जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया था;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि बदरपुर सीमा से होडल सीमा तक 90 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई ट्रामा सेंटर नहीं है;तथा
(ग) यदि हां, तो होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बन्चारी में एक ट्रामा सेंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## नगरपालिका द्वारा आमंत्रित निविदाओं का ब्यौरा

33 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गत् एक वर्ष के दौरान चीका नगर पालिका में सफाई एवं कचरा प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा आमंत्रित निविदाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) चीका नगरपालिका में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सफाई कर्मचारियों तथा अन्य कर्मचारियों का वेतन किस माध्यम से दिया जाता है तथा उनको प्रतिमाह दिए जाने वाले वेतन का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) वर्ष 2024-25 के लिए सफाई का अनुबंध क्या है तथा उसकी प्रति उपलब्ध कराई जाए?

----

## सहकारी श्रम समिति को रियायत तथा सुविधाएँ

34 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना संख्या 1214-सी-7-2022/2747, दिनांक 20-05-2022 के तहत राज्य में सहकारी श्रम समिति को सरकार द्वारा रियायत तथा अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या है;

(ग) यदि हां, तो क्या अंबाला नगर निगम में उपरोक्त अधिसूचना का अनुपालन निम्नलिखित निविदाओं में किया जा रहा है:-

निविदा आई डी

1. 2024- एच. आर. वाई. - 420646-1

2. 2024- एच. आर. वाई. - 420661-1

3. 2024- एच. आर. वाई. - 420658-1

4. 2024- एच. आर. वाई. - 420648-1

5. 2024- एच. आर. वाई. - 420650-1

6. 2024- एच. आर. वाई. - 420639 -1

7. 2024- एच. आर. वाई. - 420663-1

8. 2024- एच. आर. वाई. - 420660-1

9. 2024- एच. आर. वाई. - 420640-1

10. 2024- एच. आर. वाई. - 420642-1

11. 2024- एच. आर. वाई. - 420644-1

12. 2024- एच. आर. वाई. - 420662-1

13. 2024- एच. आर. वाई. - 420659 -1

14. 2024- एच. आर. वाई. - 420641-1

15. 2024- एच. आर. वाई. - 420643-1

16. 2024- एच. आर. वाई. - 420645-1; तथा

(घ) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त निविदाओं की प्रक्रिया में अनियमितताएं की गई है; यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों / कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## आई.एम.टी.शुरू करना

35 **श्री निर्मल सिंह मोहडा (अंबाला शहर):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि अंबाला शहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आई.एम.टी. की स्थिति क्या है तथा इसके कब तक शुरू किए जाने की संभावना है ताकि अंबाला के युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जा सकें तथा उसके बजट का ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों का पुनः निर्माण करना

36 **श्री पवन खरखौदा (खरखोदा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या निम्नलिखित सड़कों का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः-

i) सोनीपत से गांव मैलाना तथा फरमाणा;

ii) गांव झरोठी से भदाना;

iii) गांव हलालपुर से झिझौली;

iv) खरखौदा से गांव तुर्कपुर वाया थाना कलां व थाना खुर्द;

v) गांव भटगांव से नकलोई; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि का परिवर्तन करने के लिए प्रावधान बनाना

37 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टरों में सिनेमा हॉलों के लिए आरक्षित स्थलों की भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए सरकार का कोई प्रावधान है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो क्या उपरोक्त प्रावधान बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के

विचाराधीन है ताकि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टर में सिनेमा हॉलों के आरक्षित स्थलों पर निर्मित अप्रयुक्त सिनेमा हॉलों तथा खाली प्लांटों का प्रयोग किया जा सके ?

----

## नियमित की गई अवैध कालोनियों की कुल संख्या

38 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
राज्य में वर्ष 2005 से 2014 तथा 2014 से दिसंबर, 2024 तक सरकार द्वारा कुल कितनी अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया तथा इन अवैध कॉलोनियों को किस आधार पर नियमित किया गया तथा इनका वर्ष-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों की कमी को पूरा करना

39 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में सरकारी विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है तथा उपरोक्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ की कुल संख्या कितनी है तथा इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## नहरों का नवीनीकरण करना

40 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि दादरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निम्नलिखित नहरें खराब अवस्था में हैंः-
i) लोहारू नहर आर.डी. 0 से 115500,
Ii) बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी आर डी 0 से 102500,
III) लोहारू फीडर आर डी 0 से 97000,
iv) भैरवी माइनर आर डी 0 से 17950,
(v) कितलाना डिस्ट्रीब्यूटरी,
vi) लोहरवाड़ा माइनर आर डी 0 से 15000,
(vii) समसपुर माइनर आर डी 0 से 30500; तथा

(ख) यदि हां, तो विभाग द्वारा उपरोक्त नहरों का नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है?

----